## हाटेश्वरनाथ मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 16 फरवरी, मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के हनुमना तहसील अंतर्गत सर्वाधिक प्रसिद्ध आस्था व श्रद्धा के केंद्र हाटेश्वरनाथ मंदिर हाटा में जहां महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर परिसर को पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों से बनारस से आए कलाकारों द्वारा बड़े ही भव्य दिव्य ऐतिहासिक रूप से सजाया गया था.**


वही पूर्व विधायक श्री सिंह ने आजमहाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रात: काल सर्वप्रथम पहुंचकर भगवान भूत भावन भोलेनाथ के विधिवत पूजा अर्चना करते हुए समूचे मऊगंज जिले की खुशहाली की प्रार्थना की. उल्लेखनीय है कि 300 वर्षों के इतिहास को समेटे हाटेश्वर नाथ महादेव जिनके बारे में बताया जाता है कि इस क्षेत्र के लाब्ध प्रतिष्ठित मर्दन शाह को कोर्ट से हुई फांसी की सजा उनके नियमित पूजा अर्चना व अनुष्ठान के चलते माफ हो जाने के बाद जहां पहले एक वृक्ष के नीचे सामान्य पूजा अर्चना के केंद्र रहे महादेव का भाव दिव्या मंदिर का निर्माण मरदान शाह ने करवाया उसके बाद उनकी ख्याति सुनकर समूचा क्षेत्र अपना आराध्य मानने लगा और पौसी तेरस पर यहां प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन होने लगा जी मेले में मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के तमाम दर्शनार्थ आते हैं साथ ही मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलोंके साथ ही बिहार आदि प्रति के भी झूले आदि लेकर अनेक व्यापारी यहां व्यापार करने आते हैं. विगत कुछ वर्षों से पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना की अगुवाई में महाशिवरात्रि के पर्व पर भी मेले का आयोजन होने लगा जिसके चलते समूचे क्षेत्र से भारी संख्या में लोग भले ही एक दिन के लिए ही या मेला लगता हो अपने आराध्य का दर्शन पूजन करने अपनी आस्था व श्रद्धा लिए लोगों का जन सैलाब उमड़ने लगा है. इस वर्ष भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजन दर्शन कर अपनी अपनी मन्नतें पूरी करने की अर्जी लगाई.

# महाशिवरात्रि पर हनुमना में निकाली गई शिव बरात

### दिन भर चलता रहा रुद्राभिषेक व पूजा पाठ, भंडारे का बांटा गया प्रसाद

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 16 फरवरी, धार्मिक आस्था की नगरी के रूप में जाना जाने वाले हनुमना नगर में 2002 से चली जा रही महाशिवरात्रि पर्व पर ऐतिहासिक शिव बारात निकालने की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी ऐतिहासिक शिव बारात वैश्य महासम्मेलन के मऊगंज जिला अध्यक्ष तथा बोल बम कांवरिया संघ अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता की अगुवाई में शिव बारात निकाली गई.**

जिसमें समूचे नगर के आबाल वृद्ध नर नारियों ने जहां भाग लिया वहीं जगह-जगह लोगों ने ठंडई दम आलू हलवा व खीर तथा पुरीसब्जी आदि विभिन्न व्यंजनों के प्रसाद के माध्यम से बारातियों का स्वागत सत्कार कर रहे थे.

जबकि सुबह से ही नगर के विभिन्न शिव मंदिरों मैं पूजा अर्चना तथा रुद्राभिषेक आदि की गतिविधियों के साथ ही श्रद्धालुओं का तांता लग रहा. फिर चाहे वह तालेश्वर महादेव मंदिर रहा हो जहां श्री गुप्त की अगुवाई में कल भी हल्दी मेहंदी रस्म बड़े ही धूमधाम से मनाया गया था तथा आज सुबह से रुद्राभिषेक परदेश्वर महादेव मंदिर, पुराना छात्रावास के सामने स्थित शिव मंदिर, पुराना थाना परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर तथा मसूरिया स्थित शिव मंदिर में भी में भी सुबह से ही रुद्राभिषेक एवं भंडारे आदि का आयोजन किया गया था.

शिवजी की बारात तालेश्वर महादेव मंदिर से शाम 6:30 बजे निकाली गई. सर्वप्रथम अखिलेश गुप्ता ने सपत्नीक भोलेनाथ बने कलाकार को विधिवत पूजा अर्चना कर रथ पर दूल्हे के रूप में सवार किया वही बैंड बाजे व नगर के समस्त डीजे तथा सजावट कार सहित पूरे लाव लश्कर के साथ बारात जब निकली मानो वास्तव में एक बार शिवजी कैलाश से प्रकट होकर बारात में चल रहे हो बारात तालेश्वर महादेव मंदिर से चलकर स्वामी माधवाचार्य की तपस्थली रामलीला मैदान होते हुए गांधी पार्क सीधी रोड हनुमान मंदिर मोड़ तक जाकर पुन: वापस मेंन रोड पहुंचकर जंगल चौकी बैरियर तक गई वहां से पुन: वापस हो कर मुख्य मार्ग से होते हुए नगर परिषद कार्यालय मोड तक पहुंच वापस होकर गांधी पार्क में समाप्त हुई.

इस दौरान गांधी पार्क में बोल बम कांवरिया संघ द्वारा पूरी सब्जी हवा का प्रसाद, राजू वस्त्रालय के संचालक दुदुन गुप्ता द्वारा खीर प्रसाद, राजेश स्टेशनरी द्वारा हवा एवं दम आलू, इंद्र कुमार विट्ठलनाथ लव कुश व सच्चिदानंद की टीम द्वारा दम आलू हलवा के साथ ही पानी के पाउच, वही कामतानाथ सीधी रोड पर भी दम आलू हलवा, बालला नाथ गुप्ता तारकेश्वर गुप्ता आदि की टीम द्वारा भी हवा एवं दम आलू व ठंडई का प्रसाद, इसी प्रकार मुख्य मार्ग रीवा मिर्जापुर रोड पर भी राजा बाबू तथा रेवती रमण श्रीधर विकास पोस्ट ऑफिस की टीम द्वारा ठंडई एवं अन्य प्रसाद वितरित किए गए इसके साथ ही महामृत्युंजय मंदिर एवं छात्रावास के सामने स्थित मंदिर परिसर में भी विभिन्न व्यंजनों के प्रसाद के साथ ही भंडारे का भी आयोजन चला रहा.

**दी गई शुभकामना** - कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता ने सफल आयोजन के लिए समस्त नगर वासियों तथा बोल बम कांवरिया संघ के समस्त कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि 2002 से चला आ रहा है महाशिवरात्रि महोत्सव पर भव्य बारात निकालने की यह परंपरा उन्हें बाबा धाम बैजनाथ जी में वहां की दिव्य बरात देखकर स्वयं बैद्यनाथ महादेव ने उन्हें प्रेरित किया था और टीम गठित कर तभी से यह आयोजन प्रारंभ हुआ जो आज भी चल रहा है मैं रहूं ना रहूं या आयोजन और भी अच्छे ढंग से चले यही भोलेनाथ से कामना करते हुए इस नगर व क्षेत्र की तरक्की की प्रार्थना करता हूं.

### पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह शामिल हुए बरात में

शिव बारात में तकरीबन 9 :45 बजे पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना भी बारात में अपने साथियों के समेत पहुंचकर सम्मिलित होकर जमकर आस्था के रंग में रंगते हुए थी नाचते थिरकते नजर आए. किन्नर भी पूरी बारात में आस्था के रंग में डूबे दिखे. शिव बारात में नगर में निवास रात किन्नर समाज की कीनन ने भी आस्था के रंग में रंगते हुए पूरे रास्ते भर नाचते गाते लोगों को आनंदित करते रहे वही युवा पीढ़ी उनके साथ जमकर थिरकती नजर आई.

## गुढ़ में फिर एक बार यातायात व्यवस्था को लेके उठे सवाल जिम्मेदारो ने साधी चुप्पी

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 16 फरवरी, भारतीय सर्व सेवा संगठन द्वारा कुछ महीने पहले 25 में गुढ़ बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन सभी बसों को गुढ़ बस स्टैंड से जाने को लेके और काफी कठिनाइयां के बाद बस अंदर से चलने भी लगी थी.**

बसे गुढ़ बस स्टैंड न होके बल्कि गुढ़ नेशनल हाईवे 39 हो के फर्राटे भरती हुई आ जा रही है इससे ना केवल व्यवस्था बिगड़ रही है बल्कि सवारियों को भी भरी परेशानी होती है सवारी गुढ़ बस स्टैंड में बस का इंतजार करती रहती है और बसे बाहर बाहर नेशनल 39 से होके निकल जाती है. जिससे सवारी टाइम से अपने अपने स्थान नहीं पहुंच पाते और उनका काफी नुकसान भी होता है.

आखिरकार क्यों बसे बाहर बाहर भागने लगी क्या इनको परिवहन विभाग का डर नहीं है या फिर परिवहन विभाग इनपर ध्यान नहीं दे रहा है यह एक जांच का विषय है. अगर आरटीओ एवं परिवहन विभाग इन बसो पर ध्यान नहीं देता है तो एक बार फिर भारतीय सर्व सेवा संगठन धरना देने के लिए बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी परिवहन विभाग अधिकारी की होगी. सवारियों का कहना है कि हम गुढ़ बस स्टैंड में बस का इंतजार करते रहते है और बस बाहर से निकल जाती है जिससे हम अपने स्कूल कालेज हॉस्पिटल या फिर ऑफिस टाइम से नहीं पहुंच पाते है.

वहीं दूसरी तरफ बस चालक एवं कंडक्टरों का कहना है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता मेरी गाड़ी बाहर से ही जाएगी मेरी आरटीओ से बात हो गई है. तो क्या आरटीओ विभाग भी अब इन पर कोई कार्रवाई नही कर सकता है.

## अंतरराज्यीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शुभम ने मिश्रित युगल स्पर्धा जीती

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 16 फरवरी, पीएनबी के प्रबंधक शुभम त्रिपाठी ने हैदराबाद में आयोजित अंतरराज्यीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में मिश्रित युगल स्पर्धा जीती है.**

उन्हें एकल और युगल बैडमिंटन में उपविजेता का पुरस्कार मिला है. उन्होंने आज सेमीफाइनल में पहुंचकर मिश्रित युगल स्पर्धा में जीत हासिल की. अखिल द्धभारतीय पीएनबी मिश्रित युगल बैडमिंटन फाइनल नई दिल्ली में आयोजित होगा. इस उपलब्धि के लिए अधिष्ठाता डा़ एसके त्रिपाठी, श्रीमती कृतिका त्रिपाठी, श्रीमती किरण त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता विकास, कमलेश प्रसाद पांडे, प्रदीप त्रिपाठी, मणिशंकर ओझा, जीतेन्द्र त्रिपाठी, सरदार हरमीत सिंह कालरा, राहुल पांडे, अनीश गुप्ता ने प्रसन्नता व्यक्त की.

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का करें निराकरण : संजय

### बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 16 फरवरी, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने गूगल मीट के माध्यम से जिला अधिकारियों की बैठक ली. बैठक में जिले के विकास कार्यों और हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई.**

बैठक के दौरान कलेक्टर ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की. उन्होंने लोक सेवा गारंटी, ई आफिस, आईजीओटी, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना, सीएम हेल्पलाइन, पीएम आवास योजना ग्रामीण और राजस्व प्रकरणों के निराकरण सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की. बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की सौ दिन से अधिक समय से के लंबित और नॉन अटेंडेड शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने, निर्माण कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा कराने, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ बिना किसी देरी के दिलाने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने कहा कि पोर्टल पर सभी प्रगति रिपोर्ट को तत्काल अपडेट करना सुनिश्चित करें ताकि जिले की रैंकिंग में सुधार हो.

मुख्य सचिव की कॉन्फ्रेंस के लिए अपनी विभागीय रिपोर्ट और उपलब्धियों का डेटा तैयार रखें. सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें ताकि जिला मऊगंज की रैंकिंग प्रदेश में बेहतर बनी रहे.

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 16 फरवरी, जिले के पूर्वांचल मे स्थिति तहसील गुढ़ मे शिवपुरी जिले के करैरा तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की विगत दिन शनिवार को गोली मारकर अपराधियो द्वारा निर्मम हत्या की गयी.**

जिसके विरोध मे अधिवक्ता संघ गुढ़ के अध्यक्ष दिलीप मिश्र के नेतृत्व मे तहसील मे व्यावसायरत समस्त अधिवक्ता एक साथ एकात्रित होकर गुढ़ एसडीएम सुधाकर सिंह एवं तहसीलदार अरूण यादव को ज्ञापन राज्यपाल के नाम से संबोधित ज्ञापन सौपा गया. ज्ञापन सौपते वक्त अधिवक्ता संघ गुढ़ के अध्यक्ष दिलीप मिश्र ने कहा की अधिवक्ताओ की सुरक्षा के लिए लंबे अरसे से प्रोटेक्सन एक्ट बनाये जाने व लागू करने की मांग की जा रही किंतु शासन की अनदेखी के कारण आये दिन



अधिवक्ताओ पर अत्याचार एवं निरमम हत्या जैसे अपराध पारित हो रहे है अपराधियो का मनोबल बढ़ता जा रहा है. उक्त बात को लेकर ज्ञापन सौपा गया है तथा अपराधियो द्वारा जो अपराध पारित किया गया है के विरूद्ध सख्त दंण्डात्मक कार्यावाही की जाने की मांग की गई है. इस अवसर पर प्रमुख रूप से अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी उपाध्यक्ष मनोज सिंह कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सोनी, ग्रंथ पाल केदार पटेल के साथ-साथ कार्यकरणी परिषद के सदस्य लालबिहारी नामदेव, संजीव पाण्डेय, विजय शंकर मिश्रा सह सचिव शिवलाल विश्कर्मा के अलावा वरिष्ट अधिवक्ता जे एल पाण्डेय, पंकज पाणि मिश्र, प्रभाकर पाण्डेय, शैलेन्द्र पाण्डेय,रमाकंत तिवारी, दिनेश शर्मा, गोपाल शरण तिवारी, सुधीर साकेत, मनोज त्रिपाठी, दीपक वर्मा रजनीश पाण्डेय, बालेन्द्र त्रिपाठी आदि काफी संख्या मे अधिवक्ता उपस्थिति थे.

## हाटा चौकी क्षेत्र में यूपी की शराब की बिक्री

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 16 फरवरी, थाना क्षेत्र की हाटा चौकी अंतर्गत आने वाले कुछ गांवों में उत्तर प्रदेश से लाई जा रही अवैध शराब की खुलेआम बिक्री होने की चर्चा जोरों पर है.**

सूत्रों के मुताबिक सीमावर्ती इलाकों का फायदा उठाकर तस्कर रात के समय शराब की खेप लाते हैं और गांवों में छोटे-छोटे ठिकानों से बिक्री कर रहे हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि बाहरी शराब सस्ती दर पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे स्थानीय युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है. वहीं वैध दुकानों की बिक्री भी प्रभावित हो रही है और सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है. सूत्रों की माने तो शराब तस्कर खेतों के रास्तों और कच्चे मार्गों का इस्तेमाल करते हैं, जिससे पुलिस की निगरानी से बच निकलते हैं.

कुछ जगहों पर घरों और किराना दुकानों की आड़ में भी बिक्री की बात सामने आ रही है. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सीमावर्ती गांवों में विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जाय.

## भव्यता के साथ हुआ महाशिवरात्रि का पर्व

**नवभारत न्यूज**
**चाकघाट 16 फरवरी। विगत 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पूरे अखंड भारत में ही नहीं बल्कि प्रदेश, जिले एवं हर गांव में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर अत्यंत ही उत्साह पूर्वक यह पर्व मनाया गया।**

इसी क्रम में मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश की सीमा पर बसा नगर चाकघाट में भी महाशिवरात्रि का पर्व अत्यंत ही धूमधाम से प्रत्येक मंदिरों एवं निजी आवास में व्रत धारण कर भगवान भोलेनाथ जी की पूजा-अर्चना की गई, सभी मंदिरों को



अत्यंत ही आकर्षक बिजली लाइटों से सजाकर भजन, कीर्तन, रामचरितमानस पाठ एवं भंडारे इत्यादि का प्रोग्राम कर प्रसाद वितरण कर यह पर्व संपन्न हुआ। नगर के पूज्य श्री हनुमान मंदिर में शंकर घाट, दिनेश केसरवानी जी के आवास में स्थित शिवालय, सोहागी पहाड़ अड़गड नाथ मंदिर इत्यादि शिव मंदिरों में एवं बघेडी, बॉर्डर, देवरा गांव, गौरा गांव सहित अन्य स्थानों पर भी शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया और कई जगह तो मेले का भी आयोजन किया गया था।

उक्त महाशिवरात्रि पर्व के दौरान कहीं कोई भी अपने घटना की खबर नहीं है

## धूमधाम से मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 16 फरवरी, योग वेदांत संघ हनुमना द्वारा 14 फरवरी को विभिन्न विद्यालयों में दिन में मातृ पितृ पूजन के कार्यक्रम रखे गए.**

जिसमें अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वहीं शाम में 6:00 बजे से स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर गांधी पार्क में भी मातृ पितृ पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही चित्र बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा प्रतियोगिता के बाद विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी अतिथियों के हाथों वितरित कराया गया. उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम चित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने ड्राइंग बनाकर दिए गए चित्रों को विभिन्न रंगों में भरकर जमा किया निर्णायक टीम ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय के साथ ही टॉप टेन विद्यार्थियों को भी अलग-अलग पुरस्कार जहां प्रदान किया वहीं प्रतिभागी समस्त छात्र-छात्राओं को कलम देकर शांत होना पुरस्कार दिया. इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के के गुप्ता पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता संपति दासगुप्ता, श्रमजीवी पत्रकार महासंघ के जिला अध्यक्ष सरोज गुप्ता प्राइवेट विद्यालय संघ के जिला अध्यक्ष आशीष कुमार तथा वरिष्ठ पत्रकार श्याम बाबू गुप्ता के के हाथों पुरस्कारों का वितरण कराया गया. इस अवसर पर अतिथियों ने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आज वैलेंटाइन डे जैसे पाश्चात्य कुरीति को समाप्त कर मात्र पितृ पूजन दिवस के रूप में जो यह कार्यक्रम मनाया जा रहा है.

## पीटीएस में बाल अधिकार संरक्षण पर वर्कशॉप की शुरुआत

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 16 फरवरी, पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार जैन के नेतृत्व में, 93 वां नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के प्रशिक्षणार्थियों के द्वितीय सेमेस्टर में 6 दिवसीय बाल सुरक्षा कोर्स पर वर्कशॉप का आयोजन शुरू किया गया.**




पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के द्वारा, इस वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया. इस वर्कशॉप में वक्ता के तौर पर एमपी यूनिसेफ टीम अमरजीत कुमार सिंह स्टेट कंसलटेंट यूनिसेफ एमपी, विजय यादव प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आरंभ ऑर्गेनाइजेशन, शीतल दुबे चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्सपर्ट उदय ऑर्गेनाइजेशन शामिल हुए. टीम के द्वारा 'बाल अधिकार संरक्षण' के विषय पर ऑडियो विजुअल तरीके से विस्तृत व्याख्यान दिया गया. जिसमें उन्होंने बताया कि बच्चा कौन है, बच्चों के अधिकार क्या हैं, मिशन वात्सल्य, बालश्रम, बालविवाह, बच्चों का स्कूल ना पहुंचने का कारण, शारीरिक एवं मानसिक भेदभाव, बच्चों का दुर्व्यपार, बच्चों का यौन शोषण, जेंडर, जेजे एक्ट एवं नियम, पोक्सो एक्ट, बाल श्रम अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के बारे में समझाया. वर्कशॉप में इकाई के प्रशिक्षु आरक्षकों एवं अधिकारियों ने भाग लिया.

## 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले 82 विद्युत पेंशनर सम्मानित

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 16 फरवरी, विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ रीवा द्वारा आयोजित 70 वर्षीय पेंशनर्स सम्मान के तत्वाधान में प्रांतीय अधिवेशन मानस भवन रीवा में रीवा शाखा के जिला अध्यक्ष ए.पी मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन एवं संयोजक सुनील मिश्र के साथ उनकी टीम व्यवस्थापन में भव्यता के साथ संपन्न हुआ.**

कार्यक्रम रीवा क्षेत्र की मुख्य अभियंता प्रमा पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य एवं विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता की



अध्यक्षता में संचालित हुआ. रीवा वृत्त के अधीक्षण अभियंता बी के शुक्ला प्रमुख अतिथि तथा संघ के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष आर डी मिश्र, भीमसेन सिंह, बी एल पटेल, ए के अवस्थी सभी प्रांतीय उपाध्यक्ष, सुनील गार्गव प्रांतीय सचिव, डी के डाले प्रांतीय कोषाध्यक्ष, एस एन पटेल प्रांतीय संगठन सचिव - विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद रहे. अधिवेशन में मुख्य रूप से विद्युत पेंशनर्स को पेंशन की शासकीय गारंटी के साथ कोषालय से भुगतान तथा मंहगाई भत्ते का भुगतान केंद्र शासन द्वारा घोषित तिथि व दर से किया जाना केंद्र बिंदु रहा. कार्यक्रम में 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 82 विद्युत पेंशनर्स को शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, धार्मिक ग्रंथ, माला एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया. बाहर से आए प्रांतीय पदाधिकारियों, विभिन्न ज़िलों के जिला अध्यक्षों को भी शाल, श्री फल एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया. प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन संगठन रीवा के अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी अवधराज सिंह तिवारी जी.पी त्रिपाठी, विद्या कांत तिवारी सुभाष चंद्र दुबे रमेश चतुर्वेदी आदि भी शामिल हुये. जिला अध्यक्ष डॉ. चतुर्वेदी का मंच मे स्वागत किया गया उन्हें प्रतीक चिन्ह भी दिया गया. आगे प्रदेश स्तर पर संयुक्त रूप से सहयोग करने का आश्वासन भी प्रांताध्यक्ष द्वारा अपने उदबोधन मे दिया गया.